पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन किया</u>

दिनांक: 29 जनवरी, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम में सुपर स्पोर्टस सोसायटी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन किया। फाइनल मैच ओ0एन0जी0सी0 और बी0एस0एफ0 के बीच खेला गया। इस अवसर पर श्रीमती पूर्णिमा सिंह, श्री राजा बोस, श्री नागेन्द्र सिंह, श्री बृजेश मिश्रा, श्री जगदीश गांधी, श्री प्रभुजोत सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमीजन उपस्थित थे। राज्यपाल ने मैच का उद्घाटन फुटबाल में किक लगाकर किया तथा खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया।

राज्यपाल ने उद्घाटन सत्र में अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि लखनऊ एक ऐसा शहर है जहाँ अनेक प्रकार के आयोजन निरन्तर होते रहते हैं। इससे पूर्व जूनियर हाॅकी वल्र्ड कप का आयोजन हुआ तथा सैय्यद मोदी इण्टरनेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप चल रही है और साथ ही साथ सुपर स्पोर्टस सोसायटी द्वारा फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल के साथ-साथ लखनऊ में अनेक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम भी बराबर आयोजित किये जाते हैं।

श्री नाईक ने कहा कि जब वे पेट्रोलियम मंत्री थे तो उन्होंने इण्डियन आयल कारपोरेशन, भारत पेट्रोलियम और गैस अथारिटी आफ इण्डिया को कहा था कि अपने मुनाफे में से कुछ अंश खेल को प्रोत्साहित करने में सहयोग करें। खेल में जीत और हार का उतना महत्व नहीं है जितना खेल की सच्ची भावना और लगन से उसमें भाग लेने का है। उन्होंने कहा कि खेल से शरीर और बुद्धि का विकास होता है तथा आपस में सौहार्द का वातावरण भी बनता है।

इस अवसर पर श्रीमती पूर्णिमा सिंह, श्री राजा बोस एवं श्री बृजेश मिश्रा सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

अंजुम/ललित/राजभवन (37/37)

इंडियनऑयल
IndianOil
A Maharatna Company
Indian Oil Super Sports Cup
ALL INDIA FOOTBALL TOURNAMENT 2017
24th - 29th January
Lucknow
गेल
GAIL
इंडियनऑयल
IndianOil
A Maharatna
GAIL
C. S. Infraconstruction Limited
छात्र शक्ति
CSIL
GYAN
IS 15700 : 2005
सेवोत्तम प्रमाणित

ONGC
7
31